>

Title: Need to provide funds for Bhanupalli-Bilaspur-Beri new railway line project in Himachal Pradesh-laid.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान, माननीय प्रधान मंत्री जी के हिमाचल प्रवास के दौरान दिए गए उस आश्वासन की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जिसमें उन्होंने भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी ब्रॉडगेज रेल लाइन को नेशनल प्रोजेक्ट घोषित करने का कमिटमेंट किया था। इस संबंध में रेल मंत्रालय में हुई बैठकों के परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश को लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा देना तय हुआ। फलस्वरूप प्रदेश सरकार ने वर्ष 2008-09 के अपने बजट में इस हेतु वांछित धनराशि का प्रावधान कर दिया, किंतु रेल मंत्रालय ने इस परियोजना हेतु इस वर्ष न तो बजट में धन का प्रावधान किया और न ही इस कार्य को अब तक प्रारंभ किया। अतः मैं माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे इसी वर्ष इस कार्य को प्रारंभ करने हेतु बजट में तत्काल पर्याप्त धनराशि का प्रावधान करें, ताकि माननीय प्रधानमंत्री का आश्वासन पूरा हो सके।